# हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान

## HIMALAYAN FOREST RESEARCH INSTITUTE

*भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद*

(*Indian Council of Forestry Research & Education*)

(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्तनिकाय)

(An Autonomous Body of the Ministry of Environment, Forest & Climate Change, Government of India)


**संख्या/No.:05 -1(26)/हि.व.अ.सं/2022/2258** **दिनांक/ Date:** 4 अक्तूबर,2022

सेवा में,

सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार)
भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद
डाकघर -न्यू फॉरेस्ट, देहरादून
उत्तराखंड-248006

विषय: दिनांक 29.09.2022 को संपन्न हिन्दी पखवाड़ा की रिपोर्ट प्रस्तुत प्रस्तुत करने के बारे में।

महोदय,

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा दिनांक 14.09.2022 से 29.09.2022 तक "हिन्दी पखवाड़ा" का आयोजन किया गया जिसका सम्पूर्ण वृतांत सूचनार्थ एवं आगामी कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

ससादर ।

भवदीय

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

संदीप शर्मा 04/10/2022

(डॉ.संदीप शर्मा)
निदेशक (प्रभारी)

प्रतिलिपि:

1. श्री कुमार पाल शर्मा, उपनिदेशक कार्यान्वयन उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-01, दिल्ली, गृह मंत्रालय भारत सरकार, तृतीय तल, त्रिकूट-02, आर.के.पुरम,भीकाजी कामा पैलेस, नई दिल्ली-110066 को सूचनार्थ प्रस्तुत है।
2. सुश्री मृदुला श्रीवास्तव, सचिव नराकास/उप महाप्रबंधक-राजभाषा, नराकास, शिमला कार्यालय-02, एसजेवीएन लिमिटेड, शक्ति सदन, कारपोरेट मुख्यालय, शनान, शिमला, हिमाचल प्रदेश-171006 को सूचनार्थ प्रस्तुत है।

**हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा 'हिन्दी दिवस' का आयोजन एवं दिनांक 14.09.2022 से 29.09.2022 तक हिन्दी पखवाड़े के आयोजन की विस्तृत रिपोर्ट/ प्रतिवेदन**

**14.09.2022: हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ**

**हिन्दी दिवस आयोजन की भूमिका:**

हिन्दी पखवाड़ा का शुभारंभ 14.09.2022 को डॉ. संदीप शर्मा, निदेशक (प्रभारी),हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान द्वारा 29.09.2022 को किया गया । इस अवसर पर उन्होने अपने सम्बोधन में हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला एवं इसको दैनिक उपयोग की भाषा में भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में अवगत करवाया । संविधान सभा ने लम्बी चर्चा के बाद 14 सितम्बर सन् 1949 को हिन्दी को भारत की राजभाषा स्वीकारा गया। इसके बाद संविधान में अनुच्छेद 343 से 351 तक राजभाषा के सम्बन्ध में व्यवस्था की गयी। इसकी स्मृति को ताजा रखने के लिये 14 सितम्बर का दिन प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. बाल कृष्ण तिवारी, वैज्ञानिक-बी तथा सहायक निदेशक – राजभाषा (प्रभारी) ने बताया की संस्थान द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्दी पखवाड़े का आयोजन बहुत ही उत्साह एवं हर्षोल्लास से किया जा रहा है, जिसमें राजभाषा के प्रचार एवं प्रसार के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है । उन्होने संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधार्थियों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित किया।









**14.09.2022: निबंध लेखन**

संस्थान द्वारा दिनांक 14.09.2022 को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में कुमारी रिचा ठाकुर ने प्रथम, कुमारी भनुजा शर्मा ने द्वितीय तथा कुमारी पारुल चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।






**19.09.2022: हिन्दी टंकण**

संस्थान द्वारा दिनांक 19.09.2022 को **हिन्दी टंकण** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में कुमारी पारुल चौधरी ने प्रथम, श्री शुभाम चौहान ने द्वितीय तथा कुमारी भानुजा तथा पंकज शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

**22.09.2022: शब्द ज्ञान व हिन्दी व्याकरण**

संस्थान द्वारा दिनांक 22.09.2022 को **शब्द ज्ञान व हिन्दी व्याकरण** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में श्री गौरव स्वरूप वर्मा ने प्रथम, कुमारी नेहा शर्मा ने द्वितीय तथा कुमारी रिचा ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।



## 26.09.2022: टिप्पण एवं प्रारूपण (नोटिंग-ड्राफ्टिंग)

संस्थान द्वारा दिनांक 26.09.2022 को **टिप्पण एवं प्रारूपण (नोटिंग-ड्राफ्टिंग)** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में श्री गौरव स्वरूप वर्मा ने प्रथम, कुमारी पारुल चौधरी ने द्वितीय तथा श्री पंकज शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



## 29.09.2022: कविता पाठ

संस्थान द्वारा दिनांक 26.09.2022 को **कविता पाठ** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुमारी नेहा शर्मा ने प्रथम, श्री पंकज शर्मा ने द्वितीय तथा कुमारी भनुजा शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



















## 29.09.2022: हिन्दी कार्यशाला

इसी कड़ी में संस्थान द्वारा 29.09.2022 को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन भी किया गया, जिसमें **डॉ. कुँवर दिनेश सिंह**,प्रवक्ता एवं विभागाध्यक्ष, राजकीय महाविद्यालय, कोटशेरा, शिमला ने **"देश में राजभाषा हिन्दी की प्रासंगिकता तथा स्वतंत्र भारत में हिन्दी की अनिवार्यता"** विषय पर व्याख्यान दिया प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया ।



हिन्दी पखवाड़ा के समापन समारोह के अंतिम चरण में पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगताओं के विजेताओं को संस्थान के निदेशक, डॉ. संदीप शर्मा, कार्यालयाध्यक्ष, डॉ. राज कुमार वर्मा, डॉ. जगदीश सिंह, प्रभाग प्रमुख विस्तार तथा विशेष अतिथि डॉ. कुँवर दिनेश सिंह द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया ।









वित्त-वर्ष 2021-22 में संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए श्रीमती नर्वदा पाल, आशुलिपिक ग्रेड-I को प्रथम, श्री नरेंदर कुमार, एम.टी.एस. को द्वितीय तथा डॉ. जोगिंदर सिंह, मुख्य तकनीकी अधिकारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया ।


प्रसाधन
WASH ROOM
“हिन्दी पखवाड़ा”


प्रसाधन
WASH ROOM
“हिन्दी पखवाड़ा”




कार्यक्रम के अतं में श्री दिनेश पॉल, उप-अरण्यपाल तथा सहायक निदेशक (राजभाषा) ने संस्थान में राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन पर अपने विचार प्रकट किए तथा साथ ही उन्होने हिन्दी पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु सभी संबन्धित अधिकारियों तथा कर्मचारियों का धन्यवाद किया ।

